# U.P. HIGHER JUDICIAL SERVICE (MAIN) 2018

**(Part 02)**

**Law-III (Penal, Revenue and Local Laws)**

**विधि - III (दण्ड, राजस्व एवं स्थानीय विधियाँ)**

**Time – 3 Hours** **Markes - 200**

1. 'A' a landholder, knowing of the commission of a murder within the limits of his estate, willfully misinforms the Magistrate of the district that the death has occurred by accident in consequence of the falling down from unusual height. 'A' is guilty of which offence defined under Indian Penal Code and on conviction 'A' can be sentenced to what extent?
'A' एक भू-धारक, यह जानते हुए कि उसकी भू-सम्पदा की सीमाओं के अन्दर एक हत्या की गई है, उस जिले के मजिस्ट्रेट को जानबूझकर यह मिथ्या इत्तिला देता है कि मृत्यु असामान्य ऊँचाई से गिरने के परिणामस्वरूप दुर्घटना से हुई है। 'A' भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत परिभाषित किस अपराध का दोषी है और दोषसिद्धि पर 'A' को किस सीमा तक का दण्डादेश दिया जा सकता है?
[05]

2. Discuss the provisions prescribed under Indian Penal Code relating to voluntarily causing grievous hurt by use of acid.
अम्ल का प्रयोग करके स्वेच्छया घोर उपहति कारित करने के सम्बन्ध में भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत विहित प्रावधानों की विवेचना कीजिए।
[05]

3. In Joseph Shine Vs Union of India, AIR 2018 SC 4898 the Supreme Court of India struck down Section 497 of the Indian Penal Code and also Section 198 (2) of the Code of Criminal Procedure. Discuss the background and the reasons given by the Supreme Court to do so.
जोसेफ शाइन बनाम भारत संघ AIR 2018 SC 4898 में उच्चतम न्यायालय ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 497 और साथ ही दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 198 ( 2 ) को विखंडित कर दिया। ऐसा करने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई पृष्ठभूमि एवं तर्कों की विवेचना कीजिए।
[20]

4. Discuss the provisions relating to "Defamation" as described under Chapter XXI of the Indian Penal Code.
भारतीय दण्ड संहिता के अध्याय XXI के अन्तर्गत वर्णित " मानहानि से सम्बन्धित प्रावधानों की विवेचना कीजिए।
[10]

5. Write short notes on following:
निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:
(A) Termination of imprisonment on payment of proportional part of fine.
जुर्माने के आनुपातिक भाग के दे दिए जाने की दशा में कारावास का पर्यवसान।
[$2^{1}/_{2}$]
(B) Imprisonment for non-payment of fine, when offence punishable with fine only.
जुर्माना न देने पर कारावास, जबकि अपराध केवल जुर्माने से दण्डनीय है।
[$2^{1}/_{2}$]

6. A Hindu girl 17 years of age, studying in XIIth standard under the care and protection of her parents was living with them. She was having intimacy with a shopkeeper running a shop near her house. One day the girl left her house and went to the shopkeeper, and asked him to take her away permanently. The shopkeeper took her away to several places. Later on he was arrested under Section 363 of the Indian Penal Code. State whether the shopkeeper can be convicted. Answer giving reasons with reference to legal provision.
एक 17 वर्षीय हिन्दू लड़की अपने माता-पिता की देख-रेख और संरक्षण में कक्षा 12 में पढ़ते हुए उनके साथ रहती थी। उसका अपने मकान के पास दुकान करने वाले एक दुकानदार के साथ घनिष्ठता थी। एक दिन लड़की ने अपना घर छोड़ दिया और दुकानदार के पास गयी और उसे स्थायी रूप से ले जाने के लिए उससे कहा। दुकानदार उसे कई स्थानों पर ले गया। बाद में, वह भारतीय दण्ड संहिता की धारा 363 के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया गया। बताइये कि क्या दुकानदार को दोषसिद्ध किया जा सकता है। विधिक उपबंध के संदर्भ सहित कारण बताते हुए उत्तर दीजिए।
[05]

7. (A) How, when and in what circumstances can the State Government under Section 48 (2) of the U.P. Municipalities Act, 1916 seize financial and administrative powers and functions of President while the proceeding for his removal is pending? Discuss with case law on the point.
उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 48 (2) के अन्तर्गत राज्य सरकार कैसे, कब और किन परिस्थितियों में अध्यक्ष की वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों का अभिग्रहण कर सकती है जबकि उनको पद से हटाये जाने की प्रक्रिया लम्बित हैं ? इस बिन्दु पर विधि व्यवस्थाओं के साथ चर्चा करें।



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

[20]

(B) Can a private street be declared as public street by Municipality? If yes, how? If no, why ?
क्या नगर पालिका द्वारा निजी सड़क को सार्वजनिक सड़क घोषित किया जा सकता है ? यदि हाँ, कैसे ? यदि नहीं, क्यों ?

[05]

(C) What are the essential pre-requisites for directing recounting of votes by Election Tribunal hearing election petition questioning the election of Pradhan of a Gram Panchayat ? Discuss with reference to case law on the subject.
एक ग्राम पंचायत के प्रधान के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनावी याचिका की सुनवाई करते हुए, चुनाव अधिकरण द्वारा मतों की पुर्नगणना के लिए निर्देश देने की क्या आवश्यक शर्तें हैं ? इस विषय पर विधि व्यवस्था के संदर्भ के साथ विचार करें।

[10]

(D) What is the minimum percentage of reservation for women of Scheduled Caste, Scheduled Tribe and Backward Classes in election of members of Gram Panchayat ? What is the over all proportion of reservation of women to the total number of seats in Gram Panchayat ?
ग्राम पंचायत के सदस्यों के निर्वाचन हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए न्यूनतम आरक्षण का प्रतिशत क्या है ? ग्राम पंचायत की संपूर्ण स्थानों (पदों) में महिलाओं के आरक्षण का कुल अनुपात क्या है ?

[05]

8. (A) Do principles of Hindu Law or Personal Law apply to bhumidhari rights? Discuss with reference to provisions of the U. P. Revenue Code, 2006 and precedents on the subject.
क्या भूमिधरी अधिकारों पर हिन्दू विधि या स्वीय विधि सिद्धान्त लागू होते हैं ? उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 के प्रावधानों एवं इस विषय पर पूर्व निर्णयों के आधार पर व्याख्या करें।

[15]

(B) A male bhumidhar dies leaving behind (i) Mother (ii) Father (iii) Married Daughter (iv) Son's Daughter. Upon whom will his interest devolve and what will be their share?
एक पुरुष भूमिधर (i) माता (ii) पिता (iii) विवाहित पुत्री (iv) पुत्र की पुत्री को छोड़कर मर जाता है। उसका हित किसको न्यायगत होगा एवं उनके अंश क्या होगें?

[05]

(C) Who can sue for division of bhumidhari holding and who are necessary parties to such a suit?
भूमिधरी जोत के विभाजन हेतु कौन वाद ला सकता है एवं ऐसे वादों में कौन आवश्यक पक्षकार हैं ?

[05

(D) Under which provision and after what interval an area can again be brought under consolidation operations under the U.P. Consolidation of Holdings Act, 1953?
उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम 1953 के किस प्रावधान के अन्तर्गत एवं कितने अन्तराल के बाद कोई क्षेत्र पुनः चकबन्दी क्रियाओं के अन्तर्गत लाया जा सकता है ?

[05]

(e) ‘A’ instituted a suit against ‘B’ for cancellation of sale deed on the ground that ‘B’ succeeded in obtaining sale deed from him under influence of liquor and that no sale consideration had passed. During pendency of the suit, notification under Section 4 of the U.P. Consolidation of Holdings Act, 1953 was issued for the said area. What will be the effect of the said notification on the pending suit? Support your answer with atleast one precedent on the point.
‘A’, ‘B’ के विरूद्ध इस आधार पर विक्रय विलेख के निरस्तीकरण हेतु वाद योजित करता है कि उससे नशे के प्रभाव में तथा विक्रय प्रतिफल न दिये विक्रय पत्र निष्पादित करा लिया । कथित क्षेत्र के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 की धारा 4 के अन्तर्गत अधिसूचना वाद के लम्बनकाल के अन्तर्गत जारी कर दी गयी है। इस अधिसूचना का लम्बित वाद पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? इस बिन्दु पर कम से कम एक पूर्व निर्णय का उल्लेख करें ।

[10]

9. (A) 'A' sues his tenant 'B' for eviction on the ground of default in payment of rent of more than four months. 'B' admits that rent is due but claim that he tendered the entire amount by money order in response to notice of demand, well within one month, but it was refused by the landlord. The tenant did not deposit the rent in the suit in terms of Section 20 (4) of the U.P. Urban Buildings (Regulation of Letting, Rent and Eviction) Act, 1972. Can he save himself from eviction? Discuss with reference to case laws.
'A' अपने किरायेदार 'B' के विरूद्ध 4 माह से अधिक के किराये का भुगतान न करने के आधार पर बेदखली हेतु वाद योजित करता है। 'B' यह स्वीकार करता है कि किराया देय है परन्तु यह दावा करता है कि मांग की नोटिस के जवाब में उसने सम्पूर्ण धनराशि मनीआर्डर से एक माह के अन्दर भेज दिया परन्तु मकान मालिक ने लेने से इंकार कर दिया। किरायेदार ने उ०प्र० शहरी भवन (किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियमन) अधिनियम, 1972 की धारा 20 (4) के प्रावधानों के अन्तर्गत वाद में किराया जमा नहीं किया । क्या वह अपने को बेदखली से बचा सकता है ? विधि व्यवस्थाओं के संदर्भ में व्याख्या करें ।

[20]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

(B) Which substantive remedy has been conferred in favour of the landlord under the U.P. Urban Buildings (Regulation of Letting, Rent and Eviction) Act, 1972, who have been denied right to seek release of the tenanted premises under Section 21 (1) (a ) ?
उ०प्र० शहरी भवन ( किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियमन) अधिनियम, 1972 के अन्तर्गत ऐसे मकान मालिक जिसे धारा 21 (1) (a ) के अन्तर्गत किराये पर दिये गये परिसर को मुक्त कराने के अधिकार से वंचित कर दिया गया हो, को कौन सा सारभूत उपचार प्रदान किया गया है ?

[10]

(c) 'X' landlord succeeds in evicting 'Y' from the shop in his tenancy by obtaining a release order under Section 21 (1) (b) of the U.P. Urban Buildings (Regulation of Letting, Rent and Eviction) Act, 1972, but thereafter omits to comply with it. What are the remedies available to such a tenant ? Discuss.
'X' मकान मालिक 'Y' को उसके किरायेदारी की दुकान से उ०प्र० शहरी भवन ( किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियमन) अधिनियम, 1972 की धारा 21 (1) (b) के अन्तर्गत निर्मुक्ति आदेश प्राप्त करके बेदखल करने में सफल हो जाता है, परन्तु उसके बाद उसका अनुपालन नहीं करता हैं। ऐसे किरायेदार को कौन-कौन से उपचार उपलब्ध हैं ? व्याख्या कीजिए ।

[10]

10. (A) 'A' got unloaded a truck full of sand on footpath in front of his house. What action can Development Authority take against 'A' for having done so and under which provision of law?
'A' अपने घर के सामने फुटपाथ पर बालू से भरा ट्रक खाली करता है। विकास प्राधिकरण 'A' के विरूद्ध ऐसा करने के लिए किस विधिक प्रावधान के अन्तर्गत कार्यवाही कर सकता है एवं क्या कार्यवाही कर सकता है ?

[10]

(B) The Development Authority removes the front boundary wall of the house of 'B' on the ground that it is built over public land. According to 'B', the boundary wall was in existence over his private land. What is the legal remedy available to 'B' and under which Act ?
विकास प्राधिकरण 'B' के घर की सामने वाली चहारदीवारी को इस आधार पर हटा देता है कि वह सार्वजनिक भूमि पर बनी है। 'B' के कथनानुसार चहारदीवारी उसकी निजी भूमि पर बनी हुई थी। 'B' को किस अधिनियम के अन्तर्गत और क्या विधिक उपचार प्राप्त है ?

[10]

(C) Apart from power to order demolition of building under Section 27 of the U.P. Urban Planning and Development Act, 1973, what other powers can be exercised by the Development Authority to stop construction being raised in contravention of Master Plan?
उ०प्र० नगर नियोजन और विकास अधिनियम, 1973 की धारा 27 में भवन ध्वस्तीकरण की शक्तियों के अतिरिक्त विकास महायोजना (मास्टर प्लान) के उल्लंघन में निर्माण को रोकने के लिए कौन सी अन्य शक्तियों का प्रयोग विकास प्राधिकरण कर सकता है ?

[10]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)